सत्यमेव जयते

# ADDRESS

OF

SH. ANIL BAIJAL

LT. GOVERNOR, DELHI

TO

THE FIFTH SESSION

OF

SIXTH LEGISLATIVE ASSEMBLY

NATIONAL CAPITAL TERRITORY OF DELHI

6th March, 2017

Respected Speaker and Hon'ble Members,

1. I warmly welcome you all to the Fifth Session of the Sixth Legislative Assembly of the National Capital Territory of Delhi and also convey my best wishes for the New Year.

2. My Government is committed to ensure that every citizen has right to basic needs of life and it's the duty of the Government to fulfil those requirements. Accordingly, Government continues to provide free water upto a monthly consumption of 20 Kilolitre. Similarly, electricity tariff at reduced rates for domestic

consumers up to 400 units per month continues.

3. For inclusive development, my Government had identified education as one of the key sectors. As a result of the Government's focused attention for improving the quality of education, students of Delhi have done exceedingly well. At 12th Level, Government Schools recorded a pass percentage of 89.25% while 95.81% pass percentage was achieved at 10th level during academic session 2015-16. Rajkiya Pratibha Vikas Vidyalayas achieved 99.62% result during the year 2015-16.

4. To improve the educational infrastructure, construction of 20 new school buildings has been taken up. Out of those, construction of 14 school buildings has been completed. Around 8000 additional class rooms (7289 additional class rooms in 146 schools by PWD and approx 800 class rooms in 54 schools by DTTDC) are being constructed in various existing schools for improving the student classroom ratio.

5. During the current Academic Session 2016-17, 05 new schools have been opened, 05 upgraded and 07 bifurcated

thereby paving the way for increasing the intake of students at different levels. Science Stream was introduced in 04 more schools to promote Science Education.

6. A Baseline Assessment conducted by the Directorate of Education showed that 74% children in Class VI could not read their textbooks or do basic mathematics. “Chunauti 2018” is being run to bridge the learning deficit in students.

7. “Reading Campaign” was undertaken from 5th September 2016 to 14th November 2016 – with 'Reading

Home' in schools and 'Reading Melas' in communities. One lakh children were converted from non-readers to readers.

8. To actively involve the parents of the students and for further improving the quality of education, two Mega Parent Teacher Meetings were organized by the Delhi Government schools, in July 2016 and October 2016 for the first time.

9. Government has started sports coaching & training through private sports academies in Government schools. In the first phase, 55 academies have been permitted to use 100 school

playgrounds. Seventy Seven (77) Government School Playgrounds have been opened for the public. Extra Curricular activities relating to music, dance, drama etc have been started in 54 model Government schools.

10. Government has also organized summer camps in 500 Schools. Leadership coaching to 1024 Heads of Schools has been imparted.

11. Government has been able to regulate and prevent arbitrary fee hike in the private schools where land has been allotted by Government agencies.

12. In the field of Higher Education, MoU has been signed between Government of NCT of Delhi and The German Federal Free State of Thuringia on 26th September, 2016 to promote and encourage interaction amongst the Universities, Centres of Higher Education and Research Institutions in various fields; namely exchange of faculty members, exchange of academic publications and information and development of collaborative research.

13. Online web-portal for students to apply online for availing the education loan facility has been launched on 20/06/2016.

14. To upgrade infrastructure for higher education, construction of new campuses has been initiated for Ambedkar University Delhi at Rohini and Dheerpur. It is planned to complete the project by November 2020.

15. The Karampura Campus of Ambedkar University has already started from Session 2016-17 with intake of 209 students for undergraduate courses. Deen Dayal Upadhyaya College has started functioning from a new building at Dwarka w.e.f. 20/07/2016.

16. Construction of the new campus of Maharishi Valmiki College of Education at Rohini has been initiated. DDA has allotted land for construction of new college campus of Maharishi Valmiki College of Education at Sector-16, Rohini.

17. To give further fillip to women's education, Non-Collegiate Women's Education Centers (NCWEC) have been started in seven Colleges. These centers have started functioning w.e.f. 2016-17 academic session with an intake capacity of 470 persons in each College.

18. My Government has laid down special emphasis on skill development, large numbers of ITIs are functioning which are imparting skill education in various trades. The Government intends to start new ITIs for which projects are in progress. Phase–II construction of IIIT-Delhi is likely to be completed by August 2017 which will accommodate additional 1400 students. World Class Skill Centre is proposed to be set up at Jaunapur. At present it is operating from a temporary site at Vivek Vihar and imparting education in Hospitality Operation, Retail Services, Information & Technology, Accounts and Banking

Finance. Further, five new polytechnics will also be set up.

19. To make Delhi a Start up Hub, an incubation policy was framed in the year 2015-16. Initially Six incubation centres in University Institutions were set up. Another five new institutions have been added.

20. My Government is focused on providing affordable Health Services to its citizens. At present, 36 multi specialty hospitals including 6 super specialty hospitals with more than 11,000 beds are functioning. For EWS patients, 69 private hospitals provide

731 free beds. Further, to bring the Health Care near to the masses, Mohalla Clinics as decentralized health reach out venues were introduced, which have received international acclamation from personalities like Mr. Kofi Annan, former Secretary-General of United Nations, etc. At present 103 Aam Admi Mohalla Clinics are functioning. 1000 Mohalla Clinics will be completed in next six months and 122 Polyclinics will be completed in next one year. The Government also intends to improve public health services through medical education, research and training in cutting edge

technologies. In this direction, Dr. Baba Saheb Ambedkar Medical College in Rohini with 100 seats for MBBS course has been started.

21. For expansion of health care, my Government is striving hard to further enhance the number of hospitals and beds. Various projects are currently under execution which would provide additional 10,000 beds. Bed capacity will be enhanced at Dwarka, Burari, Ambedkar Nagar and Deep Chand Hospitals. Further, 22 existing Government Hospitals are being remodelled to add another 2,000 beds.

It is also proposed to setup 03 new hospitals which will have total capacity of 1800 beds, located at Nangloi, Siraspur and Madipur.

22. For providing free dialysis to poor patients, under the Private Public Partnership (PPP) project, 40 machines are functional at Lok Nayak Hospital and Rajiv Gandhi Super Specialty Hospital. In this financial year dialysis centre has been started at Dr. Hedgewar Arogya Sansthan with 20 machines. Government has also made radiology tests like MRI, CT, PET etc. free for Delhi Residents.

23. The existing fleet of Ambulances has been augmented by inducting 110 new ambulances. A model control room to regulate the Ambulance services has been setup. "Home to Hospital Care" Ambulance Services Scheme has been launched by the Government on 3rd July 2016 and CATS ambulances are providing free ambulance service for medical emergencies.

24. The Government has made special efforts to help the vulnerable population and the poorest of the poor. The Social Welfare Department and Department of Women and Child

Development are implementing various schemes of financial assistance for old age pension, disabled person, women in distress etc. My Government has decided to enhance the old age, disability and widow pension by Rs.1,000/- per beneficiary per month. It was also decided to enhance the income limit for eligibility for old age, disability and widow pension to Rs.1 lakh per annum.

25. Government of NCT of Delhi is committed to the welfare of the labourers. With effect from 01.04.2016 Government of NCT of Delhi had

increased minimum wages for unskilled workers to Rs.9568/- per month; for semi skilled workers Rs.10,582/- per month and for skilled workers, the minimum rate is Rs.11,622/- per month. Only recently my Government has increased wages of unskilled workers to Rs.13,350/- per month, for semi skilled workers to Rs.14,698/- per month and for workers who are in the skilled category to Rs.16,182/- per month.

26. To provide relief to the homeless, 197 Night Shelters having a capacity of about 16174 inmates are being operated

and managed with all the basic amenities. Out of these, 52 Night Shelters are exclusively for women, children, families of differently abled persons, drug addicts etc. Besides, 23 Rescue Teams are deployed with vehicles and manpower during winter, to rescue homeless. Round the clock Control Room has been established to receive complaints/information about homeless people.

27. To equip homeless youth with skills for employment, 10 skill development centres have been started. At the centres, the homeless will be trained by

qualified teachers in skills like sewing, beauty parlour, electrical work etc.

28. Government has decided to offer reward and appreciation certificate to those good Samaritans or bystanders who rush road accident victims to hospital.

29. The welfare activities of the Government are pivoted on a strong economy. The Gross State Domestic Product (GSDP) of Delhi at current prices increased from Rs.494460 crore in 2014-15 to Rs.558745 crore in 2015-16 registering a growth of 13%. In real terms at constant prices, Delhi's

economy grew at the rate of 8.34% during 2015-16 as compared to 7.6% growth at the national level. Delhi's contribution to the National level GDP is about 4.12%, while the share of Delhi in the total population of the country is 1.43%.

30. The per capita income in Delhi at current prices in 2015-16 is Rs. 2,80, 142 as per advance estimates of Gross State Domestic Product (GSDP), which is 3 times higher than the per capita income of Rs.93,293 at national level. Delhi's economy has a predominance of Service Sector with a share of 82.3% of

GSDP followed by Industry with a share of 15.5% and Agriculture having a share of 2.2% of GSDP.

31. To sustain development, a strong infrastructure is a must. Over the years Delhi has developed a robust infrastructure. However, with increasing population there has been increase in demand for water. Through efficient management, peak production of about 900 MGD of potable water has been achieved. To augment water supply in water deficit areas, tube wells and water ATMs have been installed. New Stainless steel

water tankers have been added and web based online tanker monitoring system has been strengthened. Through this internet based system, people can track the tanker coming to their locality and quantity of water it is carrying.

32. Government has reduced Water and Sewer Development Charges and all the arrears till 30th November 2015 have been waived, which has benefited a large number of consumers.

33. In the direction of waste water disposal, Sewage treatment capacity has been augmented to 604 MGD by

commissioning 6 sewage Treatment Plants. Utilization of sewage treatment has increased from 370 MGD to 455 MGD.

34. For improvement in quality of waste water discharged into the Yamuna River, all the proposed new STPs are being set up with latest technology to achieve higher treatment quality standards. For cleaning of the river Yamuna, the innovative project of Interceptor Sewer has been completed to the extent of 85% and about 50 MGD waste water flows have been trapped from the drains and are now being

treated at the Sewage Treatment Plants. The work of construction of 70 MGD waste water treatment plant at Coronation Pillar has been started in the month of September, 2016 and is proposed to be completed in 30 Months.

35. Increasing population has also resulted in demand for housing in the city. Under the new resettlement policy, JJ dwellers will be resettled in built up houses constructed under JNNURM to improve the quality of life of Jhuggi Jhopri/Slum dwellers. Delhi Government has constructed 55424

multi storied dwelling units for slum dwellers under JNNURM for rehabilitation of eligible JJ dwellers including Scheduled Caste families. Since inception of the modified policy for relocation of squatters, provisional allotment letters have been issued to 4323 families including 1768 SC families.

36. The new Building bye-laws have been adopted and notified for three Municipal Corporations, making them compliant with the stipulations under the Building Code 2005 for Seismic Zone – V.

37. To keep the city clean, the three Municipal Corporations clear about 10,000 MT (metric ton) of solid waste daily. The New Delhi Municipal Council has been declared Open Defecation Free on 12th August, 2016. For curbing the habit of mass defecation in open, DUSIB is providing Pay & Use Jan Suvidha Complexes having Community Toilets and Baths in JJ bastis. Swachh Delhi Mobile App has been re-launched on 16.11.2016 to upload complaints of garbage/malba and air pollution for removal thereof.

38. My Government has taken steps to improve the living conditions of people in the unauthorized colonies. The development work in unauthorized colonies is being expedited. For the current financial year, an outlay of Rs.1456 cr. was earmarked for undertaking the development in unauthorized colonies. Delhi Jal Board has provided water connections in 1175 unauthorized colonies till date.

39. Demand of Power in the city has been on the rise. The all time peak power demand of 6261 MW on 1/7/2016 was successfully met. To save electricity, all

consumers are being provided four LED bulbs at Rs. 93/- each. Around 65 lakh LED Bulbs have been distributed to consumers.

40. To improve the Power distribution to the consumers 400KV sub-stations at Tughlaqabad, Dwarka and Maharani Bagh along with transmission lines are being installed by Power Grid Corporation of India Ltd. Land has been handed over at all three sites.

41. The Delhi Solar Policy 2016 has been notified. 32 MW solar installations have also been commissioned till date. The target till 2025 is 2000 MW,

including solar installations on all government buildings. A tender for 84 MW has been floated. A generation based incentive of Rs.2/- per unit has been provided for domestic consumers.

42. The existing network of Delhi Metro is 189 Km. The work for Phase III is likely to be completed by June 2017. Consequent upon completion of this phase the network will be about 330 Km. Recently my Government has decided to construct eight corridors totalling 116 Km approximately under Phase IV of the expansion of Metro Rail

Network. The work of the Phase IV is likely to be completed by the end of 2021.

43. To ensure safety and security of women passengers, Home Guards and Marshals are deployed in the DTC buses in the evening shift. DTC is providing ladies special trips during morning and evening peak hours.

44. My Government is actively engaged in monitoring, protecting and spreading of awareness about environmental concerns among the people of Delhi. Government has responded to control the environmental pollution and has

taken a slew of measures to control air pollution in Delhi. Delhi Pollution Control Committee is monitoring ambient air quality in Delhi through six monitoring stations. DPCC has imposed fines on construction projects which flouted the dust control norms. A graded Emergency Response Plan to deal with pollution is also being put in place.

45. On this occasion, I wish to reiterate that my Government is committed to provide citizen centric governance. I am confident that you all will extend your full cooperation and support to

the endeavours of my Government for all round development of Delhi.

46. Hon'ble Speaker and Members of the august House, I have presented before you, in brief the highlights of some of the activities undertaken by my Government. The Dy. Chief Minister/ Finance Minister will spell out further details in his Budget Speech.

47. I extend my warm greetings and good wishes to all of you and wish you all success in your deliberations.

**Jai Hind.**

सत्यमेव जयते

# श्री अनिल बैजल
# उपराज्यपाल, दिल्ली

## का

## अभिभाषण

## छठी विधानसभा

## का

## पाँचवाँ सत्र

## राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली

**06 मार्च, 2017**

आदरणीय अध्यक्ष महोदय एवं माननीय सदस्यगण

1. मैं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की छठी विधानसभा के पाँचवें सत्र में आप सभी का हार्दिक स्वागत करता हूँ और आप सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं देता हूँ।

2. मेरी सरकार अपने इस दायित्व के प्रति वचनबद्ध है कि प्रत्येक नागरिक को जीवन यापन की सभी बुनियादी सुविधाएं मिलें और सरकार का कर्त्तव्य है कि वह इन आवश्यकताओं को पूरा करे। इसी उद्देश्य को सामने रखते हुए सरकार ने 20 कि0ली0 प्रतिमाह जल उपभोग को निःशुल्क प्रदान करने के निर्णय को जारी रखा है। इसी प्रकार घरेलू उपभोक्ताओं को 400 यूनिट प्रतिमाह

तक कम दर पर बिजली प्रदान करने का निर्णय भी जारी रखा गया है।

3. समावेशी विकास के लिए मेरी सरकार ने शिक्षा को महत्वपूर्ण क्षेत्र का दर्जा प्रदान किया है। शिक्षा के स्तर में सुधार की ओर सरकार का ध्यान केन्द्रित होने के फलस्वरूप दिल्ली के विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। शैक्षणिक सत्र 2015–16 में 12वीं कक्षा के सरकारी स्कूलों का उत्तीर्ण प्रतिशत 89.25 तथा दसवीं कक्षा का 95.81प्रतिशत रहा। इसी सत्र में राजकीय प्रतिभा विकास विद्यालयों का परीक्षा परिणाम 99.62प्रतिशत रहा।

4. शैक्षणिक अवसंरचना में सुधार के लिए 20 नए स्कूल भवनों का निर्माण कार्य शुरू किया गया है। इनमें से 14 स्कूल भवनों का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। विद्यार्थियों और कमरों के अनुपात में सुधार लाने के लिये विभिन्न विद्यालयों में लगभग 8000 अतिरिक्त कमरों का निर्माण किया जा रहा है (लोक निर्माण विभाग द्वारा 146 स्कूलों में 7289 अतिरिक्त कमरें तथा डी.टी.टी.डी.सी. द्वारा 54 स्कूलों में लगभग 800 अतिरिक्त कमरों का निर्माण कार्य प्रगति पर है)।

5. चालू शिक्षा सत्र 2016–17 के दौरान 5 नए स्कूल खोले गए है 5 को अपग्रेड किया गया है और 7 अन्य स्कूलों को बाइफर्केट करते हुए

विभिन्न स्तरों पर विद्यार्थियों की प्रवेश क्षमता को बढ़ाया गया है। विज्ञान शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य के लिए 4 और स्कूलों में विज्ञान विषयों को शुरू किया गया है।

6. शिक्षा निदेशालय के मूलभूत मूल्यांकन के आधार पर सामने आया कि कक्षा 6 में पढ़ने वाले 74प्रतिशत बच्चे अपनी पाठ्य पुस्तकें पढ़ नहीं सकते या आधारभूत गणित को समझ नहीं सकते। जानकारी की इस कमी को समाप्त करने के लिए सरकार ने ''चुनौती 2018'' शुरू किया है।

7. 5 सितम्बर, 2016 से 14 नवम्बर, 2016 के दौरान एक विशेष ''पढ़ाई अभियान'' चलाया

गया, जिसमें स्कूलों में रीडिंग होम तथा समुदाय स्तर पर रीडिंग मेलों को शामिल किया गया। इससे पढ़ने की जानकारी न रखने वाले एक लाख बच्चों को पढ़ने की योग्यता प्रदान की गई।

8. विद्यार्थियों के अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी और शिक्षा की गुणवत्ता में और अधिक सुधार के लिये पहली बार दिल्ली सरकार के स्कूलों में जुलाई, 2016 तथा अक्तूबर, 2016 में विशाल अभिभावक–शिक्षक बैठकों का आयोजन किया गया।

9. सरकार ने स्पोर्ट्स अकादमियों के माध्यम से सरकारी स्कूलों में खेलकूद संबंधी कोचिंग

और प्रशिक्षण शुरू किया है। प्रथम चरण में 55 अकादमियों को अनुमति प्रदान की गई है कि वे लगभग 100 स्कूलों के खेल के मैदानों का उपयोग कर सके। जन सामान्य के लिए भी सत्ततर (77) सरकारी स्कूलों के खेल के मैदानों को खोल दिया गया है। 54 मॉडल सरकारी स्कूलों में पाठ्यक्रम से हटकर संगीत, नृत्य, नाट्य कला आदि में प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए है।

10. सरकार ने 500 स्कूलों में ग्रीष्मकालीन कैम्पों का भी आयोजन किया। 1024 हैडस आफ स्कूल को नेतृत्व करने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

11. सरकारी एजेंसियों द्वारा आवंटित भूमि पर बने प्राइवेट स्कूलों की मनमाने ढंग से फीस बढ़ोतरी की रोकथाम करने और विनियमित करने में सरकार सफल रही है।

12. 26 सितम्बर, 2016 को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार तथा जर्मन फेडरल फ्री स्टेट ऑफ थुरिंजिया के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए ताकि विश्वविद्यालयों, उच्च शिक्षा केन्द्रों तथा अनुसंधान संस्थानों के बीच में विभिन्न क्षेत्रों जैसा कि शिक्षकों, शैक्षणिक प्रकाशनों, सूचनाओं और सहयोगी अनुसंधान के विकास क्षेत्र में आदान–प्रदान किया जा सके।

13. विद्यार्थियों को शिक्षण ऋण की सुविधा के लिये 20.6.2016 से वेब–पोर्टल के माध्यम से ऑन लाइन आवेदन करने की सुविधा प्रदान की गई है।

14. उच्च शिक्षा के लिए अवसंरचना को ठोस बनाने के उद्देश्य से अम्बेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली के लिए रोहिणी तथा धीरपुर में नए कैम्पस का निर्माण किया जा रहा है। इस परियोजना का निर्माण कार्य नवम्बर, 2020 तक पूरा हो जाएगा।

15. अम्बेडकर विश्वविद्यालय के कर्मपुरा कैम्पस में 2016–17 का सत्र शुरू हो चुका है और स्नातक पूर्व पाठ्यक्रम के लिए 209 विद्यार्थियों

को प्रवेश दिया गया है। दीन दयाल उपाध्याय कॉलेज ने 20.7.2016 से द्वारका के नए भवन में अपना कार्य शुरू कर दिया है।

16. महर्षि बाल्मिकी शिक्षा महाविद्यालय के नए कैम्पस का निर्माण रोहिणी में शुरू किया जा चुका है। महर्षि बाल्मिकी शिक्षा महाविद्यालय के नए कॉलेज कैम्पस के लिए रोहिणी सैक्टर–16 के समीप डीडीए ने भूमि का आवंटन कर दिया है।

17. महिलाओं में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 7 नए कॉलेजों में नॉन–कॉलेजिएट वुमैन एजुकेशन सैन्टर (एनसीडब्ल्यूईसी) शुरू किए जा चुके है। इन केन्द्रों में शिक्षा सत्र

2016–17 से प्रत्येक कॉलेज में 470 विद्यार्थियों की प्रवेश क्षमता से शिक्षण कार्य शुरू हो चुका है।

18. मेरी सरकार ने कौशल विकास पर विशेष ध्यान दिया है, विभिन्न तकनीकी कौशल की शिक्षा प्रदान करने के लिए अनेक आईटीआई में विभिन्न ट्रेड शुरू किए गए हैं। सरकार के नये आईटीआई बनाने की परियोजना का कार्य प्रगति पर है। चरण–II के आईआईआईटी–दिल्ली का निर्माण कार्य अगस्त, 2017 तक पूरा होने की संभावना है जिसमें अतिरिक्त 1400 विद्यार्थियों को स्थान मिलेगा। जौनापुर में एक विश्वस्तरीय कौशल केन्द्र स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। इस

समय यह विवेक विहार में अस्थायी स्थल पर चलाया जा रहा है और आतिथ्य कार्यों, खुदरा सेवाओं, सूचना एवं प्रौद्योगिकी, लेखा एवं बैंकिंग वित्त का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। 5 नए पॉलिटेनिक भी खोले जाएंगे।

19. दिल्ली को स्टार्ट–अप हब बनाने हेतु वर्ष 2015–16 में एक इन्क्यूबेशन पॉलिसी तैयार की गई थी। इसके अन्तर्गत शुरूआत में विश्वविद्यालय संस्थानों में छः इन्क्यूबेशन केन्द्र खोले गए, और पाँच नए संस्थान जोड़े गये हैं।

20. अपने नागरिकों को सस्ती स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के प्रति मेरी सरकार विशेष ध्यान

दे रही है। इस समय 36 मल्टीस्पेशियलिटी अस्पताल कार्यरत है, जिनमें 6 सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल भी शामिल है और इनमें 11,000 से अधिक बिस्तर के साथ चिकित्सा सुविधा उपलब्ध है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मरीजों के लिये 69 निजी अस्पताल में निःशुल्क चिकित्सा हेतु 731 बिस्तर उपलब्ध है। स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दूर–दराज न जाना पड़े, इसके लिए सरकार ने विकेन्द्रित स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए अनेक स्थानों पर मौहल्ला क्लीनिक शुरू किए है। इस प्रयास की सराहना अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर श्री कोफी अन्नन, पूर्व महासचिव संयुक्त राष्ट्र महासंघ और अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा की गई है। वर्तमान में 103 आम आदमी मौहल्ला

क्लीनिक चलाए जा रहे है। 1000 मौहल्ला क्लीनिकों को अगले छः माह में बनाया जायेगा और अगले एक साल में 122 पॉली क्लीनिक तैयार किये जायेंगे। चिकित्सा क्षेत्र में शिक्षा अनुसंधान और नई प्रौद्योगिकी में प्रशिक्षण के माध्यम से सरकार जन स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाने का प्रयास कर रही है। इस दिशा में रोहिणी में एमबीबीएस कोर्स के लिए 100 सीटों के साथ डॉ0 बाबा साहेब अम्बेडकर कॉलेज शुरू किया गया है।

21. मेरी सरकार स्वास्थ्य सेवाओं में विस्तार के लिए भरसक प्रयास कर रही है। विभिन्न प्रयोजनाओं के शीघ्र पूर्ण होने पर अस्पतालों में 10,000 अतिरिक्त बिस्तर उपलब्ध होंगे।

द्वारका, बुराड़ी, अम्बेडकर नगर तथा दीन दयाल अस्पताल में बिस्तरों की संख्या में बढ़ोतरी होगी। इसके अलावा विद्यमान 22 सरकारी अस्पतालों में बिस्तरों की संख्या 2000 तक बढ़ाने की व्यवस्था की जा रही है। 3 नए अस्पताल नांगलोई, सिरसपुर तथा मादीपुर में बनाए जाएंगे, जिसमें 1800 रोगी भर्ती हो सकेंगे।

22. गरीब रोगियों को निःशुल्क डायलेसिस करवाने के लिये निजी सार्वजनिक भागीदारी (पीपीपी) परियोजना के अन्तर्गत लोक नायक अस्पताल, राजीव गांधी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में 40 मशीने लगाई गई हैं। डॉ हेडग्रेवार आरोग्य संस्थान में इस वित्त वर्ष में

20 मशीने लगाई गई है। सरकार ने दिल्ली के निवासियों के लिये एमआरआई, सीटी, पीईटी इत्यादि जैसे रेडियोलॉजी जाँच को भी निःशुल्क कर दिया है।

23. एम्बुलेंस के बेड़े में 110 नई एम्बुलेंस बढ़ाई गई हैं तथा एम्बुलेंस की सेवाओं को विनियमित करने के लिए मॉडल कंट्रोल रूप स्थापित किया गया है। सरकार ने ''होम–टू–हॉस्पिटल केयर'' नामक एम्बुलेंस सेवा स्कीम 3 जुलाई, 2016 से शुरू की है। आपातकालीन चिकित्सा के लिये कैट्स द्वारा निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा प्रदान की जा रही है।

24. सरकार गरीब जनता और अत्यधिक गरीब तबके की सहायता के लिये विशेष प्रयास कर रही है। इसके लिए समाज कल्याण विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग व्यक्तियों, संकट ग्रस्त महिलाओं आदि के लिये विभिन्न आर्थिक सहायता स्कीमें चला रही है। मेरी सरकार ने वृद्धावस्था, दिव्यांगता एवं विधवा पेंशन को प्रतिमाह 1000/—रुपये बढ़ाने का निर्णय लिया है। यह भी निर्णय लिया गया है कि वृद्धों, दिव्यांगों और महिलाओं की पात्रता की आय सीमा बढ़ाकर एक लाख रुपये प्रतिवर्ष कर दी जाए।

25. श्रमिकों के लिए कल्याणकारी कार्यों के प्रति दिल्ली सरकार वचनबद्ध है। दिल्ली सरकार ने 1.4.2016 से अकुशल कामगारों के लिए न्यूनतम मजदूरी को बढ़ाकर 9568/—रुपये प्रतिमाह कर दिया था । यह बढ़ोतरी अर्धकुशल कामगारों के लिए 10,582/— रुपये तथा कुशल कामगारों के लिए न्यूनतम 11,622/—रुपये प्रतिमाह की गई थी। हाल ही में मेरी सरकार ने अकुशल, अर्धकुशल तथा कुशल श्रेणी के कामगारों के लिए न्यूनतम वेतन क्रमशः 13,350/— 14,698/— एवं 16,182/—रुपये प्रतिमाह बढ़ा दिया है।

26. बेघरों को राहत प्रदान करने के लिए 197 रैन बसेरे बनाए गए हैं, जिनकी क्षमता 16174 है

और इसमें सभी मूलभूत सुविधाएं प्रदान की गई है। इनमें से महिलाओं, बच्चों, दिव्यांग परिवार के लोगों, नशे के आदि व्यक्तियों के लिए 52 रैन बसेरे निश्चित किए गए है। इसके अलावा सर्दियों के मौसम में बेघरों को उचित स्थान पर पहुंचाने के लिए 23 राहत टीमें और वाहन लगाए गए। बेघर लोगों की शिकायत/सूचना प्राप्त करने के लिए चौबीसों घंटे नियंत्रण कक्ष स्थापित किये गए।

27. बेघर युवाओं को रोजगार के लिए कौशल प्रदान करने के उद्देश्य से 10 कौशल विकास केन्द्र शुरू किए गए है। इन केन्द्रों में युवाओं को सिलाई, ब्यूटी पार्लर, बिजली मरम्मत आदि का प्रशिक्षण कुशल अध्यापकों द्वारा दिया जाता है।

28. सरकार ने घटना स्थल पर मौजूद ऐसे श्रेष्ठ कर्त्तव्यपरायण व्यक्तियों को प्रशस्ति–पत्र तथा पुरस्कार देने का निर्णय लिया है जो सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को अस्पताल पहुंचाते हैं।

29. सरकार के जन कल्याण की गतिविधियाँ सुदृढ़ आर्थिक स्थिति पर आधारित है। दिल्ली का सकल घरेलू उत्पाद 2014–15 में 4,94,460 करोड़ रुपये से बढ़कर वर्ष 2015–16 में 5,58,745 करोड़ रुपये होने से 13प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। स्थिर मूल्यों पर वास्तविक रूप में दिल्ली की अर्थव्यवस्था 2015–16 में 8.34प्रतिशत की दर से बढ़ोतरी हुई जबकि राष्ट्रीय स्तर पर यह बढ़ोतरी

7.6प्रतिशत रही। राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में दिल्ली का योगदान लगभग 4.12प्रतिशत है जबकि दिल्ली की जनसंख्या देश की कुल जनसंख्या का 1.43प्रतिशत है।

30. पूर्वानुमान के अनुसार दिल्ली की प्रतिव्यक्ति आय 2015–16 में 2,80,142/–रुपये रही जो कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतिव्यक्ति आय 93,293/–रुपये से तीन गुणा अधिक है। दिल्ली की अर्थव्यवस्था में सेवा क्षेत्र का प्रमुख स्थान है और सकल राज्य घरेलू उत्पाद में इसका योगदान 82.3प्रतिशत है और तत्पश्चात् औद्योगिक क्षेत्र का 15.5प्रतिशत, कृषि क्षेत्र का 2.2प्रतिशत है।

31. मजबूत अवसंरचना व्यवस्था स्थायी प्रगति के लिए अनिवार्य है। पिछले अनेक वर्षों में दिल्ली ने एक मजबूत अवसंरचना का निर्माण कर लिया है तथापि जनसंख्या की बढ़ोतरी के अनुसार पानी की मांग बढ़ी है। कुशल प्रबंधन के माध्यम से पेयजल की लगभग 900 एमजीडी का सर्वोच्च उत्पादन हुआ है तथा पानी की कमी वाले क्षेत्रों में जलापूर्ति बढ़ाने के लिए ट्यूवैल तथा वाटर एटीएम लगाए गए हैं। अब स्टेन्लेसस्टील के नए वाटर टैंकरों द्वारा जलापूर्ति की जा रही है जिनका ऑन लाईन मजबूत निगरानी प्रणाली से नियंत्रण किया जा रहा है। इस प्रणाली से जनता स्वयं अपने क्षेत्र में पहुंचने वाले टैंकर तथा उसके पानी की गुणवत्ता की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

32. सरकार ने जल तथा सीवर विकास प्रभारों को कम किया है और 30 नवम्बर, 2015 तक के सभी प्रकार के बकायों की वसूली से छूट प्रदान की है, इससे बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं को लाभ पहुंचा है।

33. अपशिष्ट जल के निपटान की दृष्टि से सीवेज शोधन क्षमता को बढ़ाकर 604 एमजीडी कर दिया गया है, जिसके लिए 6 सीवेज शोधन संयंत्र शुरू किए गए है। जल शोधन की क्षमता को 370 एमजीडी से बढ़ाकर 455 एमजीडी किया गया है।

34. यमुना नदी में गिरने वाले गन्दे पानी की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए सभी प्रस्तावित

नए शोधन संयंत्र स्थापित किए गए हैं, जिसमें शोधन गुणवत्ता के मानकों की उच्चता बनाए रखने के लिए नवीनतम प्रौद्योगिकी का प्रयोग किया गया है। यमुना की सफाई कार्य को देखते हुए इन्टरसैप्टर सीवर नामक नई परियोजना 85प्रतिशत तक पूरी हो चुकी है और लगभग 50 एमजीडी गन्दे पानी के बहाव को यमुना में पहुंचने से पहले ही सफाई करके जलशोधन संयंत्रों में शोधित किया जाता है। सितम्बर, 2016 से कॉरोनेशन पीलर पर 70 एमजीडी जल शोधन संयंत्र का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है जिसका 30 माह में पूर्ण होना प्रस्तावित है।

35. जनसंख्या के लगातार बढ़ोतरी के परिणामस्वरूप नगर में नए आवासों की आवश्यकता है। नई पुनर्वास नीति के अन्तर्गत झुग्गी झोपड़ी निवासियों की जीवन परिस्थितियों में सुधार लाने के लिए उन्हें जे.एन.एन.यू.आर.एम. योजना के अन्तर्गत बनाए गए मकानों में बसाया जाएगा। दिल्ली सरकार ने इस योजना के अन्तर्गत झुग्गी झोपड़ी बस्ती के निवासियों और अनुसूचित जाति परिवारों के लिए 55,424 बहुमंजिला मकानों का निर्माण किया है। मलिन बस्तियों के पुनर्वास की संशोधित नीति के पश्चात् 4323 परिवारों को अस्थायी आवंटन पत्र दिए गए हैं, जिनमें 1768 अनुसूचित जाति परिवार भी शामिल है।

36 नई भवन उप–विधि को अंगीकार करते हुए तीन नगर निगमों में इसे अधिसूचित करने से सेस्मिक जोन–V की भवन संहिता, 2005 की व्यवस्थाओं का पालन किया जाना अब आवश्यक हो गया है।

37. नगर को साफ–सुथरा बनाए रखने के लिए दिल्ली की तीनों नगर निगम प्रतिदिन 10,000 मैट्रिक टन कूड़ा साफ करती हैं। नई दिल्ली नगर पालिका परिषद् को 12 अगस्त, 2016 से खुले में शौच मुक्त क्षेत्र घोषित कर दिया गया है। खुले में शौच की आदत को समाप्त करने की दृष्टि से झुग्गी झोपड़ी बस्तियों में पे एंड यूज जनसुविधा परिसर बनाए गए हैं, जिनमें शौच और स्नान के लिये व्यवस्था है, इनका

प्रबंधन डियूसिब (DUSIB) करता है। स्वच्छ दिल्ली मोबाईल ऐप 16.11.2016 से पुनः शुरू किया गया है जिसमें कूड़ा–करकट/मलबा तथा वायु प्रदूषण संबंधी शिकायतें अपलोड की जा सकती है।

38. मेरी सरकार ने अनाधिकृत कॉलोनियों में आवास परिस्थितियों में सुधार के लिए भी अनेक आवश्यक कदम उठाए हैं। अनाधिकृत कॉलोनियों के विकास कार्यों में तेजी लाई गई है। चालू वित्त वर्ष में इन कॉलोनियों में विकास कार्यों हेतु 1456 करोड़ रुपये का परिव्यय निर्धारित किया था। दिल्ली जल बोर्ड ने अब तक 1175 अनाधिकृत कॉलोनियों में जल कनेक्शन लगा दिए हैं।

39. नगर में बिजली की मांग में बढ़ोतरी हो रही है। 1/7/2016 को सर्वाधिक 6261 मेगावाट की मांग को सफलतापूर्वक पूरा किया गया है। बिजली की बचत के लिए सभी उपभोक्ताओं को 93/–रुपये की दर से चार एलईडी बल्ब उपलब्ध कराए गए हैं। अभी तक 65 लाख एलईडी बल्ब उपभोक्ताओं को प्रदान किए जा चुके हैं।

40. बिजली वितरण की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए तुगलकाबाद, द्वारका तथा महारानी बाग में 400 के0वी0 सब–स्टेशन ट्रांसमिशन लाईन के साथ पावर ग्रिड कॉरपोरेशन इंडिया लिमिडेट द्वारा स्थापित किये जा रहे हैं। तीनों स्थानों के लिए भूमि का हस्तांतरण पूरा हो चुका है।

41. दिल्ली सौर ऊर्जा नीति, 2016 को अधिसूचित किया गया है। अभी तक 32 मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्रों को शुरू किया जा चुका है। इसमें वर्ष 2025 तक 2000 मेगावाट का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके अन्तर्गत सभी सरकारी भवनों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाए जाएंगे। 84 मेगावाट के लिए निविदाएं भी आमंत्रित की गई हैं। घरेलू उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा उत्पादन के आधार पर 2/—रुपये प्रति युनिट का प्रोत्साहन भी दिया गया है।

42. दिल्ली मेट्रो का वर्तमान नेटवर्क 189 कि0मी0 है। तीसरे चरण का कार्य जून, 2017 तक पूरा होने की संभावना है। इसके पूरा होने पर कुल नेटवर्क लगभग 330 कि0मी0 हो जाएगा।

हाल ही में मेरी सरकार ने मेट्रो रेल नेटवर्क के विस्तार कार्य के लिए चौथे चरण में कुल 116 कि0मी0 के 8 कॉरिडोर बनाने का निर्णय लिया है। चौथे चरण का यह कार्य भी 2021 के अंत तक पूरा हो सकेगा।

43. महिला यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दिल्ली परिवहन निगम की बसों की शाम की शिफ्टों में होम गार्ड तथा मार्शल तैनात किए गए हैं। सुबह और शाम के व्यस्त समय के लिए दिल्ली परिवहन निगम की लेडीज स्पेशल बसे चलाई जा रही हैं।

44. दिल्ली के नागरिकों की पर्यावरण संबंधी चिन्ताओं को देखते हुए और पर्यावरण संबंधी

निगरानी, संरक्षण तथा जागरूकता फैलाने के कार्य में मेरी सरकार लगातार प्रयासरत है। सरकार ने पर्यावरण प्रदूषण के नियंत्रण के प्रति अपनी सजगता का परिचय देते हुए दिल्ली वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए अनेक कदम उठाए हैं। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण कमेटी 6 निगरानी स्टेशनों के माध्यम से वायु की गुणवत्ता पर निगरानी करती है। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण कमेटी ने धूल नियंत्रण मानकों का उल्लंघन करने वाली निर्माण परियोजनाओं पर जुर्माना लगाया है। प्रदूषण की स्थितियों में कार्यवाही के लिए ग्रेडिड इमरजेंसी रिस्पान्स प्लान शुरू किया जा रहा है।

45. इस अवसर पर मैं, बताना चाहता हूँ कि मेरी सरकार नागरिक सापेक्ष प्रशासन प्रदान करने के लिए कृतसंकल्प है और मेरा विश्वास है कि आप सभी दिल्ली के चहुँमुखी विकास में मेरी सरकार के प्रयासों में अपना पूर्ण सहयोग तथा योगदान देंगे।

46. माननीय अध्यक्ष महोदय तथा सम्माननीय सदन के सदस्यगण मैंने आपके समक्ष अपनी सरकार के कुछ कार्यों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया है। उप–मुख्यमंत्री/वित्त मंत्री अपने बजट भाषण में इस पर विस्तृत प्रकाश डालेंगे।

47. इस सत्र के दौरान सभी विषयों पर सार्थक विचार–विमर्श की कामना करता हूँ, और आप सबको शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ।

**जय हिन्द**